दैनिक भास्कर
2 AUG 2025

# शिविर लगाकर लोगों को दी रि-केवाईसी की जानकारी

बुरहानपुर| वित्तीय सेवा विभाग और जिला प्रशासन ने बुरहानपुर में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संतृप्ति अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य जिले के हर पात्र नागरिक तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। अभियान के तहत नए बैंक खाते खोले जा रहे हैं। पुराने खातों के लिए रि-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब तक जिले में 46 वित्तीय शिविर लगाए हैं। लेकिन लोगों की भागीदारी कम रही है। इसको देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी राम नागर ने 29 जुलाई को एमागिर्द और जैनाबाद ग्राम पंचायतों में शिविरों का निरीक्षण किया।